आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

नये जमाने के साथ

# यश भारत

जबलपुर का नम्बर 1 अखबार यश भारत 16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत डिजिटल न्यूज़ चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS 81

• वर्ष- 16 अंक 119 • कटनी • बुधवार, 1 जून, 2022 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष-2 • विक्रम संवत् 2079 शके 1935

# राम मंदिर होगा, भारत का राष्ट्र मंदिर

## सीएम योगी ने रखी गर्भगृह की आधारशिला

**अयोध्या,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को राम मंदिर के गर्भगृह की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसमें पहला नक्काशीदार पत्थर रखकर मंदिर के गर्भगृह की आधारशिला रखी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में देशभर के सभी संतों धार्मिक हस्तियों को आमंत्रित किया गया था। आधारशिला रखने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे राम मंदिर के गर्भगृह की आधारशिला रखने का सौभाग्य मिला है। जल्द ही भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि राम मंदिर भारत का राष्ट्र मंदिर होगा। **आंदोलन से जुड़े 300 लोग बने गवाह** – इस अवसर पर स्वामी परमानंद सहित राम मंदिर आंदोलन से जुड़े 100 से ज्यादा संतों सहित 300 लोग इस ऐतिहासिक पल के गवाह बने। **आक्रांताओं के खिलाफ भारत की जीत** – सीएम योगी ने कहा कि 500 सालों की संघर्षपूर्ण साधना थी, यह साकार और मूर्त रूप लेती दिख रही है। हर हिन्दुस्तानी के लिए इससे बढ़कर गौरव की अनुभूति का क्षण क्या हो सकता है। जिन आक्रांताओं ने हमारी आस्था पर प्रहार करते हुए भारत के सपनों को चकनाचूर करने की



मानसिकता के साथ नापाक इरादों से भारत की आस्था पर प्रहार किया था, अंत में भारत की जीत हुई है। सत्यमेव जयते के इस नारे ने एक बार, धर्मो रक्षति रक्षितः, यतो धर्मस्ततो जयः के इस घोष ने एक बार फिर अपनी सार्थकता को साबित किया है। **धर्म, सत्य और न्याय के रास्ते पर जीत** – सीएम योगी ने कहा, मंदिर निर्माण पूज्य संतों का संघर्ष श्रद्धेय, अशोक सिंघल जी जैसे संत, आरएसएस, और विचार परिवार से जुड़े हुए उन लाखों कार्यकर्ताओं का जो पुरुषार्थ था वह आज साकार रूप लेता दिख रहा है। सचमुच आज का दिन हम सबको अभिभूत करता है। नई प्रेरणा देता है कि हम सदैव धर्म, सत्य और न्याय के रास्ते पर बढ़ेंगे तो विजय होने से कोई नहीं रोक सकता है। **सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रतीक बनेगा** – गर्भगृह के निर्माण का शुभारंभ करने के बाद सीएम योगी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि अब मंदिर का निर्माण तेजी से होगा। उन्होंने कहा, सैकड़ों वर्षों की जो भारत की आस्था जिस पवित्र काम के लिए तरस रही थी, वह दिन बहुत दूर नहीं, जब मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम का मंदिर अयोध्या में बनकर देश-दुनिया के सभी सनातन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रतीक बनेगा ही। भारत की आस्था को सम्मान देने के साथ भारत के एकात्मता का प्रतीक होगा। **हिंदू जनमानस की थी तड़पन** – सीएम योगी ने आगे कहा, च्शिलापूजन के कार्यक्रम का सौभाग्य हम लोगों को मिला है इसके लिए मैं न्यास के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद देता हूं। निर्माण कार्य से जुड़ी संस्थाओं ने पौने दो साल में बहुत तेजी से काम किया है। पीएम मोदी जी के मार्गदर्शन में उनके करकमलों से जिस काम का शुभारंभ हुआ है वह तय समय से बढ़ेगा। अयोध्या में 500 सालों से हिंदू जनमानष की एक तड़पन थी वह बहुत शीघ्र मूर्त रूप लेता दिख रहा है।



## आज से हुए पांच बड़े बदलाव



### बीमा प्रीमियम से लेकर होम लोन तक हुआ महंगा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** जून का महीना शुरू हो चुका है और आज माह की शुरुआत के साथ ही कुछ बड़े वित्तीय बदलाव भी लागू हो गए हैं जो कि सीधे आम आदमी की जेब पर असर डालने वाले हैं। दरअसल, हर बार नया महीना शुरू होते ही कुछ छोटे-बड़े बदलाव देखने को मिलते हैं। तो इस बार भी जून की शुरुआत में होने वाले बदलावों के बारे में जानना आपके लिए बेहद जरूरी है, क्योंकि इनका सीधा असर आप पर पड़ने वाला है। इनमें बैंकिंग नियमों से लेकर सोने की खरीदारी तक के नियम बदल जाएंगे।

**वाहनों का थर्ड पाटी बीमा महंगा**

सबसे पहले बात कर लेते हैं जेब का खर्च बढ़ाने वाले पहले बदलाव की। तो बता दें कि आज यानी एक जून 2022 से वाहनों का थर्ड पार्टी बीमा महंगा हो रहा है यानी आपको इंश्योरेंस प्रीमियम का ज्यादा भुगतान करना होगा। न केवल चार पहिया, बल्कि दो पहिया वाहन स्वामियों पर ये बढ़ी हुई दरें लागू होंगी। केंद्र सरकार ने बीते बुधवार को थर्ड पार्टी मोटर व्हीकल इंश्योरेंस के प्रीमियम रेट में इजाफा करने का एलान किया था। केंद्र सरकार की ओर से लिए गए फैसले के बाद अब कार के इंजन के हिसाब से बीमा कराने के लिए ज्यादा राशि का भुगतान करना पड़ेगा। सड़क एवं परिवहन मंत्रालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, मोटर इंश्योरेंस के प्रीमियम में इससे पहले साल 2019-20 के लिए बढ़ोतरी की गई थी। मंत्रालय के मुताबिक, अब 1,000 सीसी से कम क्षमता वाले इंजन के वाहनों को थर्ड पार्टी बीमा के लिए निर्धारित प्रीमियम 2,094 रुपये चुकाना होगा, जो कि 2019-20 में 2,072 रुपये था। इसके अलावा 1,000 सीसी से 1,500 सीसी वाली कारों का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस का प्रीमियम 3,221 रुपये से बढ़ाकर 3,416 रुपये किया गया है। 1,500 सीसी से ऊपर वाले वाहनों के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस प्रीमियम में मामूली बढ़ोतरी की गई है और यह 7,890 रुपये की जगह 7,897 रुपये हो गया है।

**दोपहिया वाहनों के लिए ये प्रीमियम तय**

केंद्र सरकार के अधिसूचना के मुताबिक, सिर्फ चार पहिया वाहनों के लिए ही नहीं, बल्कि दोपहिया वाहनों के लिए भी सरकार ने थर्ड पार्टी इंश्योरेंस प्रीमियम की दर में बदलाव किया है। अधिसूचना के मुताबिक, एक जून 2022 से 150 सीसी से लेकर 350 सीसी वाली बाइक का प्रीमियम 1,366 रुपये बसूला जाएगा, जबकि 350 सीसी से ज्यादा क्षमता वाले इंजन वाले दोपहिया वाहनों के लिए इंश्योरेंश प्रीमियम 2,804 रुपये फिक्स किया गया है।

**2- गोल्ड हॉलमार्किंग का दूसरा चरण**

अब बात करते हैं दूसरे बड़े बदलाव की। तो आपको बता दें कि गोल्ड हॉलमार्किंग का दूसरा चरण साल आज से शुरू होगा। सरकार ने बीते दिनों इस बात की जानकारी साझा करते हुए कहा था कि जून की शुरुआत से गोल्ड हॉलमार्किंग के दूसरे चरण को शुरू कर दिया जाएगा, जिसके तहत सोने की शुद्धता का प्रमाण करना जरूरी होगा। रिपोर्ट के मुताबिक उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने कहा कि अनिवार्य हॉलमार्किंग के दूसरे चरण के दायरे में सोने के आभूषणों के तीन अतिरिक्त 20, 23 और 24 कैरेट के अलावा 32 नए जिले भी आएंगे।

**3- एसबीआई की होम लोन दरों में वृद्धि**

अगर आप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के ग्राहक है या फिर आप एसबीआई से होम लोन ले रखा है या लेने का मन बना रहे हैं तो नए महीने की शुरुआत आपके लिए भी खर्च बढ़ाने वाली होगी। दरअसल, बता दें कि एसबीआई ने अपने होम लोन एक्सटर्नल बेंचमार्क लेंडिंग रेट (ईबीएलआर) को 40 बेसिस प्वाइंट (बीपीएस) बढ़ाकर 7.05 फीसदी कर दिया है।

**4- इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक शुल्क लागू**

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) ने कहा है कि आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के लिए जारीकर्ता शुल्क लागू कर दिया गया है। ये शुल्क 15 जून, 2022 को लागू किया जाएगा। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक भारतीय डाक की एक सहायक कंपनी है, जो डाक विभाग द्वारा शासित है। नियमों के तहत हर महीने पहले तीन एईपीएस लेन-देन मुफ्त होंगे, जिसमें एईपीएस नकद निकासी, एईपीएस नकद जमा और एईपीएस मिनी स्टेटमेंट शामिल हैं। मुफ्त लेन-देन के बाद, प्रत्येक नकद निकासी या नकद जमा पर 20 रुपये और जीएसटी लगेगा, जबकि एक मिनी स्टेटमेंट लेन-देन पर 5 रुपये और जीएसटी लागू होगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का भोपाल में जोरदार स्वागत, बोले-

# मुझे कांग्रेस नेता ने कहा, उनकी पार्टी में महामंत्री- मंत्री हैं, लेकिन कार्यकर्ता नहीं

**भोपाल,यशभारत।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मध्य प्रदेश प्रवास के पहले दिन आज भोपाल पहुंचे हैं। एयरपोर्ट पर सीएम शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने उनका स्वागत किया। जेपी नड्डा ने मध्य प्रदेश के भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज जिस हर्ष-उल्लास के साथ आपने मेरा स्वागत किया है, ये भाव-विभोर करने वाला है। ये आपको और मुझे इस बात का बोध कराता है कि ये स्वागत सिर्फ मेरा स्वागत नहीं है, ये भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं की विचारधारा का स्वागत है। जेपी नड्डा ने कहा कि कल मुझे कांग्रेस के एक नेता मिला, मैंने कहा कि तुम्हारा हाल बहुत खराब है तो उन्होंने कहा कि होगा क्यों नहीं। मैंने पूछा कि तुम्हारी पार्टी में है क्या, क्या चल रहा है तुम्हारी पार्टी में? कहने लगे कि नड्डा जी, 40 तो हमारे यहां महामंत्री हैं और 156 मंत्री हैं और कार्यकर्ता कोई नहीं है। ये कांग्रेस पार्टी के अंदर का खोखलापन बताता है।

श्री नड्डा ने कहा कि सिर्फ भाजपा के पास नेता हैं, नीति है, नीयत है, कार्यकर्ता हैं और वातावरण भी है। राजनीति में सफल होने के लिए नेता चाहिए, नीति चाहिए, कार्यक्रम चाहिए, कार्यकर्ता चाहिए और कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए वातावरण चाहिए। आज किसी पार्टी में कहीं नेता नहीं हैं, कहीं नीति नहीं है, कहीं नीयत नहीं है, कहीं वातावरण नहीं है, कहीं कार्यकर्ता नहीं हैं। मध्य प्रदेश आज विकास की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है। लेकिन पहले मध्य प्रदेश बीमारू राज्य की श्रेणी में था, और आज वही मध्य प्रदेश लीडर की तरह आगे बढ़ रहा है।

श्री नड्डा बुधवार को सुबह 10 बजे एयरपोर्ट पहुंचे। स्टेट हैंगर पर प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं प्रदेश व जिले के पदाधिकारी ने उनकी अगवानी की। नड्डा शिवराज सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में शामिल होंगे। इस दौरान वे मंत्रियों से फीडबैक लेंगे। वहीं मोतीलाल नेहरू स्टेडियम पहुंचकर वृहद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में भाग लेंगे।



अभिवादन

**ढोल बज गए हैं। शंख फूंक दिया गया है**


मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- ढोल बज गए हैं। शंख फूंक दिया गया है। नड्डाजी को विश्वास दिलाओ कि स्थानीय चुनाव में, चाहे नगरीय निकाय चुनाव हों या पंचायत, इनमें भारतीय जनता पार्टी शानदार सफलता प्राप्त करेगी।



आत्मीय स्वागत

# पीएम मोदी में शिवराज को दिखती है महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस और सरदार पटेल की छवि

**भोपाल, एजेंसी,** ।मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस और सरदार वल्लभभाई पटेल का त्रिवेणी संगम बताया है। इसके साथ ही उन्होंने पीएम मोदी को भारत के लिए भगवान का वरदान भी कहा। भोपाल में मंगलवार को गरीब कल्याण सम्मेलन को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि हालांकि एक महान नेता की दूसरे के साथ तुलना करना सही नहीं है लेकिन यदि आपको करना पड़े तो केवल गांधीजी ही नहीं, नरेंद्र मोदी में मुझे नेताजी सुभाषचंद्र बोस और सरदार वल्लभभाई पटेल का च्त्रिवेणी संगमज दिखाई देता है।मुख्यमंत्री चौहान ने अपनी बात को विस्तार से बताते हुए कहा कि गांधीजी की तरह लोगों को जोड़ते हुए मोदीजी ने हाथ में झाड़ू लेकर लोगों को स्वच्छता से जोड़ा जबकि पुलवामा आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करने के लिए वह बोस के समान हैं और देश की एकता के लिए अनुच्छेद 370 को रद्द करके कश्मीर को पूरी तरह से भारत के साथ जोड़ने के लिए वह सरदार पटेल की तरह दिखाई देते हैं।



**शिवराज ने बताया MODI का फुल फॉर्म**

चौहान ने दावा किया कि उत्तरपूर्व में मोदी जितना कोई प्रधानमंत्री नहीं गया। उन्होंने वहां अलगाववाद की भावना को समाप्त किया। उन्होंने मोदी को भारत के लिए भगवान का वरदान और मैन ऑफ डायनामिक आइडियाज बताया। बाद में उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, शक्तिशाली, संपन्न और समृद्ध भारत का निर्माण हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह नए भारत के शिल्पकार हैं। उन्होंने कहा कि मोदी ने देश की राजनीति का एजेंडा इतना बदल दिया है कि कांग्रेस भी चुनाव के लिए एक परिवार एक टिकट का मानदंड अपनाने के लिए मजबूर है। मुख्यमंत्री शिवराज ने कहा, च्यह एक चमत्कार है जिसे केवल मोदी ही कर सकते हैं।

# आज हो सकती है नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा

**भोपाल,यशभारत।** नगरीय निकायों के वार्ड, नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष पदों का आरक्षण होने के बाद अब राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव की घोषणा करने की तैयारी कर ली है। बुधवार को चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग को एक जून तक चुनाव कार्यक्रम घोषित करने का समय दिया है।आयोग के अधिकारियों का कहना है कि हमारी सभी तैयारियां हो चुकी हैं। मतदाता सूची, मतदान केंद्र, इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की जांच से लेकर अन्य सभी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। चुनाव दो चरणों में कराए जाएंगे। महापौर का चुनाव अब सीधे जनता करेगी। वहीं, नगर पालिका और नगर परिषद के अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए सरकार मध्य प्रदेश नगर पालिका विधि (संशोधन) अध्यादेश 2022 अधिसूचित कर चुकी है। नगरीय विकास और आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने दावा किया है कि नगरीय निकाय में अन्य पिछड़ा वर्ग को 25 से 28 प्रतिशत आरक्षण मिला है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को आरक्षण प्रक्रिया के बाद आए आंकड़ों के अनुसार महापौर के 16 पदों में से चार (25 प्रतिशत) पद ओबीसी के लिए आरक्षित हैं। पहले भी यही स्थिति थी। नगर निगमों में ओबीसी के लिए पार्षदों के 234 (26.47 प्रतिशत) पद आरक्षित हुए हैं। पहले 221 वार्ड ही ओबीसी के लिए आरक्षित थे। उन्होंने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष के 99 में से 28 पद (28.28 प्रतिशत) ओबीसी के लिए आरक्षित हुए हैं। पहले अध्यक्ष के 25 पद थे, जो 25 प्रतिशत होता था। वहीं नगर पालिका पार्षद के लिए 488 (26.20 प्रतिशत) वार्ड ओबीसी के लिए आरक्षित किए गए हैं।




# LPG सिलेंडर के दामों में भारी कटौती

## 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर 135 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली,एजेंसी।** एलपीजी सिलेंडर की नई कीमत जारी हो गई है, बुधवार को 19 किलो वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में भारी कटौती हुई है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर आज से 135 रुपये सस्ता हो गया है। हालांकि 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत में कोई कटौती नहीं की गई है।इस बदलाव के बाद दिल्ली में 19 किलो वाले सिलेंडर के दाम घटकर 2,219 रुपए हो गए हैं। इससे पहले ये सिलेंडर 2,354 रुपए में मिल रहा था। इसी तरह कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम कोलकाता में 2,454 रुपए की जगह 2,322 रुपए, मुंबई में 2,306 रुपए से कम होकर 2,171.50 रुपए और चेन्नई में 2,507 रुपए से कम होकर 2,373 रुपए हो गए हैं।

# ओसामा बिन लादेन को अपना गुरु बता रहा यूपी का अफसर

## दफ्तर में लगाई तस्वीर, मचा हड़कंप

**फर्रुखाबाद,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद में एक अधिकारी दुनिया के सबसे खूंखार आतंकवादी रहे ओसामा बिन लादेन को अपना गुरु बता रहा है। बकायदा उसने दफ्तर में उसकी तस्वीर लगा दी है। फर्रुखाबाद में नवाबगंज के बिजली निगम कार्यालय परिसर में लगी ओसामा की तस्वीर वायरल हुई तो हड़कंप मच गया। फोटो के नीचे श्रदेय ओसामा बिन लादेन विश्व का सर्वश्रेष्ठ अवर अभियंता भी लिखा है। इसके नीचे ही एसडीओ रविन्द्र प्रकाश गौतम का नाम है। अधीक्षण अभियंता एसके श्रीवास्तव ने बताया कि इसको लेकर उन्हें भी जानकारी हुई है। इसकी जांच को कमेटी बनाई है रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। नवाबगंज बिजली निगम कार्यालय परिसर के प्रतीक्षालय की दीवार पर लगी ओसामा बिन लादेन की फोटो वायरल हो गई है। दीवार पर लगी फोटो के वायरल होने के बाद इसकी जानकारी बड़े अधिकारियों तक पहुंची। उसके बाद ही फोटो को हटा लिया गया। उपखंड अधिकारी रविन्द्र प्रकाश गौतम को फोन किया गया तो उन्होने बताया कि लादेन हमारा गुरु है। फोटो यदि हट जाएगी तो दूसरी भी लग जाएगी। यह फोटो मेरे द्वारा ही लगाई गई।



## पुलिस ने दर्ज किया केस

# सिंगर केके के चेहरे पर मिले चोट के निशान

**कोलकाता,एजेंसी।** बॉलीवुड के मशहूर गायक कृष्णकुमार कुन्नाथ (केके) का मंगलवार शाम कोलकाता में निधन हो गया। लाइव कंसर्ट के दौरान अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई। अस्पताल ले जाने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अभी Singer KK की मौत की सही वजह सामने नहीं आई है, लेकिन माना जा रहा है कि मौत हार्ट अटैक से हुई है। अंतिम संस्कार से पहले पोस्टमार्टम किया जाएगा, जिससे मौत की असली वजह सामने आएगी। वहीं कोलकाता पुलिस ने न्यू मार्केट थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने असामान्य मौत का मामला दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि केके के चेहरे व सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस आयोजकों और होटल स्टाफ से पूछताछ कर सकती है। गायक के के का परिवार कोलकाता पहुंच गया। केके का पार्थिव शरीर सीएमआरआई अस्पताल में रखा गया है, जहां से एसएसकेएम अस्पताल ले जाया जाएगा और पोस्टमार्टम होगा। कोलकाता के उल्टाडांगा स्थित गुरुदास महाविद्यालय में मंगलवार शाम केके का लाइव कॉन्सर्ट आयोजित किया गया. कहा जाता है कि स्टेज पर जाने के बाद उनकी तबीयत ठीक नहीं लग रही थी। बार-बार वह बैकस्टेज जा रहा था। बताया कि उन्हें काफी गर्मी भी लग रही थी। उन्होंने स्पॉटलाइट बंद करने के लिए भी कहा। इसके बाद वह अपने होटल चला गया। वहां सीढ़ी चढ़ते समय वह अचानक गिर पड़ा। इसके बाद उन्हें रात करीब साढ़े दस बजे कलकत्ता मेडिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीएमआरआई) ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही स्ब्ढ्ढद्दद्गह्ल्च्य के मौत की खबर आई, उनके फैन्स के साथ ही इंडस्ट्री से जुड़े लोगों में शोक की लहर छा गई। पीएम मोदी समेत तमाम बड़े लोगों ने रिएक्शन दी।



**उपराष्ट्रपति वैंकया नायडू ने दी श्रद्धांजलि**

उपराष्ट्रपति वैंकया नायडू ने कहा कि प्रसिद्ध गायक श्री कृष्णकुमार कुन्नाथ के आकस्मिक निधन से व्यथित हूं। अपनी भावपूर्ण आवाज और मधुर गायन के लिए जाने जाने वाले श्री केके का निधन संगीत की दुनिया के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। शांति! गकेके के निधन से बॉलीवुड इंडस्ट्री में दुख का माहौल है। अभिनेता अक्षय कुमार, सिंगर अरमान मलिक, अभिनेत्री सोनल चौहान और मुनमुन दत्ता समेत कई हस्तियों ने उनके निधन पर दुख जताया है।

# खंडवा में तेज रफ्तार ने ले ली एक परिवार के तीन की जान

**नागपुर से दर्शन करने आए थे ओंकारेश्वर**

**खंडवा,एजेंसी।** नागपुर से ओंकारेश्वर दर्शन के लिए जा रहे एक परिवार हादसे का शिकार हो गया। निमाड़ अंचल के खंडवा में कार हादसे में परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा खंडवा के रौशनी पुलिस चौकी के समीप बैतूल रोड पर हुआ। हादसे में मरने वाले दो भाई हैं। उनके साथ एक पांच साल के बच्चे की भी मौत हो गई है। वहीं तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि कार काफी तेज रफ्तार में थी। कार के अनियंत्रित होने के चलते यह हादसा हुआ है।पुलिस सूत्रों के अनुसार कल रात एक कार बेहद तेज रफ्तार से जा रही थी। यह अनियंत्रित होकर पलटी खाई और पेड़ से टकरा गई। इस कार में एक ही परिवार के छह लोग सवार थे, जिसमें 28 वर्षीय प्रतीक और उसके भाई मोहित (30) के साथ ही छह वर्षीय युवान की मौत हो गई।

**मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, 10 घायलों में 5 गंभीर**

उधर नर्मदापुरम इटारसी के पास मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई। 10 से ज्यादा मजदूरों के घायल होने की खबर है, जिनमें 5 की हालत गंभीर बताई जा रही है। 20 से ज्यादा आदिवासी मजदूर मजदूरी के लिए जा रहे थे।

# आज से बदल जाएंगे कई नियम, जेब पर होगा सीधा असर

**कटनी।** आज एक जून की शुरुआत के साथ ही कई नए नियम भी लागू हो जाएंगे। भारतीय स्टेट बैंक एक्सिस बैंक और इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के ग्राहक नए नियमों से प्रभावित होंगे। इसके अलावा भी कुछ अन्य नियमों के कारण ग्राहकों की जेब पर असर होगा। वाहनों के लिए थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस प्रीमियम बढ़ेगा, जिसका सीधा असर वाहन मालिकों के मासिक बजट पर पड़ेगा। यहां जानें आज 1 जून से किन नियमों में होगा बड़ा बदलाव –




### होम लोन की ब्याज दरें

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने गृह ऋण ईबीएलआर को 40 आधार अंकों से बढ़ाकर 7.05 प्रतिशत कर दिया है। वेबसाइट के मुताबिक बढ़ी हुई ब्याज दरें 1 जून, 2022 से प्रभावी होंगी।

### एक्सिस बैंक के सर्विस चार्ज में बढ़ोतरी

एक्सिस बैंक ने वेतन और बचत खाताधारकों के लिए सेवा शुल्क में वृद्धि की है। बैंक ने मिनिमम बैलेंस की आवश्यकता को 15,000 से संशोधित कर 25,000 रुपए कर दिया है।

### थर्ड पार्टी इंश्योरेंस भी महंगा

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा घोषित विभिन्न श्रेणियों के वाहनों के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस की प्रीमियम बढ़ा दी गई है। 75ष्ठ से कम इंजन क्षमता वाले दोपहिया वाहनों के लिए थर्ड-पार्टी कवर की लागत ? 538 होगी। 75ष्ठ से 150ष्ठ तक इंजन क्षमता वाले दोपहिया वाहनों के लिए प्रीमियम की लागत ? 714 होगी । 150ष्ठ से 350ष्ठ तक प्रीमियम की लागत ?1366 होगी। 350ष्ठ से अधिक इंजन क्षमता वाले दोपहिया वाहन के लिए थर्ड पार्टी प्रीमियम की लागत 2,804 होगी । कारों के लिए मोटर बीमा प्रीमियम निजी चार पहिया वाहनों के लिए थर्ड पार्ट की दरों में भी वृद्धि की गई है। 1 जून से 1000ष्ठ से कम इंजन क्षमता वाली कार के लिए थर्ड पार्टी प्रीमियम ? 2,094 होगा। 1000ष्ठ से 1500ष्ठ से अधिक की इंजन क्षमता वाली कार के लिए प्रीमियम ? 3,416 होगा। 1500 सीसी से अधिक इंजन क्षमता वाली कारों के लिए थर्ड पार्टी प्रीमियम ? 7,897 होगा। इन दरों को अंतिम बार वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए संशोधित किया गया था और कोविड महामारी के दौरान अपरिवर्तित रखा गया था।

### इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक शुल्क

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने जानकारी दी है कि आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम के लिए जारीकर्ता शुल्क 15 जून, 2022 को लागू किया जाएगा। इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक भारतीय डाक की एक सहायक कंपनी है। हर महीने पहले 3 एईपीएस लेनदेन मुफ्त होंगे, जिसमें एईपीएस नकद निकासी, एईपीएस नकद जमा और एईपीएस मिनी स्टेटमेंट शामिल हैं।

# छात्राओं से पूछा ऑल इज वेल ?

## पुलिस कप्तान ने लिया सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शहर में व्यवस्थाओं का जायजा

**कटनी।** पुलिस कप्तान सुनील कुमार जैन सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सड़क पर निकले ऑल इज वेल जानन्ने छात्राओं से पूछा.. हैलो बेटी में कटनी एसपी सुनील कुमार जैन हूं। शहर में व्यवस्थाओं का जायजा ले रहा हूं। आप लोग बताएं कि शहर में पुलिस की व्यवस्था कैसी है। कभी यदि पुलिस की जरुरत पड़ी हो तो कैसा रिस्पांस रहा है। कभी किसी समस्या पर पुलिस के पास जाना हुआ है तो कोई दिक्कत तो नहीं हुई। यह बात शनिवार को एसपी ने राह चलती बेटियों को रोककर की गई पूछताछ में कहीं। उन्होंने बेटियों की सुरक्षा व शहर में पुलिस की तत्परता की नब्ज टटोली। इस दौरान छात्राओं ने भी मिशन चौक के समीप बेबाकी से अपनी बात रखी। नर्सिंग का कोर्स कर कॉलेज से घर जा रहीं छात्राओं ने कहा कि नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्राएं हैं। सागर पुलिया के पास मार्ग वन-वे है इसलिए ऑटो नहीं मिलने के कारण वे पैदल ही घर जा रही हैं। छात्राओं ने कहा कि अधिकांश बार वे घर पास में होने के कारण पैदल ही जाती हैं। रास्ते में हो या फिर कॉलेज में कहीं पर कोई समस्या नहीं है। उन्हें कोई परेशान भी नहीं करता है।



### डरना नहीं

इस दौरान एसपी ने छात्राओं से चर्चा करते हुए कहा कि आप लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। हस समस्या का डटकर मुकाबला करें। यदि रास्ते में कोई शोहदा परेशान करता है तो मुंहतोड़ जवाब दें। जबतक घटना का प्रतिकार करेंगे तो उसके हौंसले पस्त हो जाएंगे। फिर भी यदि कोई समस्या होती है तो तत्काल पुलिस की मदद लें। क्षेत्रीय थाना प्रभारी, बीट प्रभारियों का भी नंबर पास में रखें। पुलिस सुनवाई करती है तो मुझे भी सीधे समस्या बता सकते हैं।

### अग्रवाल कॉलोनी में भी की चर्चा

मिशन चौक में छात्राओं से बात करने के बाद एसपी सुनील कुमार जैन अग्रवाल कॉलोनी के पास पहुंचे। यहां पर भी छात्राओं को रोककर पूछताछ की। छात्राओं से पूछा कि इतनी धूप में आप लोग कहा जा रही हैं तो छात्राओं ने कहा कि कॉलेज से घर जा रहे हैं। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इस दौरान कहा कि यदि कोई परेशान करता है तो उसे सहें नहीं तत्काल जवाब दें।

### इन बातों का रखें ध्यान

पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने छात्राओं को कहा कि कभी भी कोई समस्या होती है तो उसे छिपाकर नहीं रखें। अपने अभिभावकों को आवश्यक रूप से बताएं। स्कूल और कॉलेज में शिक्षकों से साझा करें। शुभचिंतकों को बताएं। पुलिस की जरुरत हो तो तत्काल मदद लें। बेटियों को कहा कि सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग जरूर लें, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपट सकें।

# पुलिस ने आमजन को यातायात के नियमों के प्रति किया जागरूक



## एसपी के निर्देश पर कटनी के सभी थाना क्षेत्रों में मनाया गया यातायात जागरूकता दिवस


**कटनी।** कटनी पुलिस अधीक्षक श्री सुनील कुमार जैन जी के निर्देशन में तथा अति0 पुलिस अधीक्षक श्री मनोज केडिया जी में मार्गदर्शन में पूरे कटनी जिले में आज का दिन यातायात जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया। सभी थाना प्रभारियों ने अपने अपने थाना क्षेत्र में आमजन को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया । इस दौरान एक ओर ट्रैफिक इंचार्ज द्वारा शासन की गुड़ सेमेरिटन योजना का प्रचार प्रसार किया तो दूसरी ओर रीठी थाना प्रभारी ने स्कूल में जाकर शिक्षको को यातायात के नियमो की जानकारी दी तथा सभी छात्रों को यातायात के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। थाना प्रभारी उमरियापान बाकल तथा कैमोर पुलिस द्वारा राहगीरों को बाइक चलाते समय हेलमेट जरूर पहनने की हिदायत दी तथा जो वाहन चालक हेलमेट पहने थे उन्हें सम्मानित किया। जिले के सभी अनुविभाग में आज का दिन यातायात जागरूकता दिवस के रूप में मनाया गया।



# बारिश से पहले भी नहीं हो पाई कटनी नदी की सफाई

## शहर की प्रमुख नदी सहित अन्य नदियों के बुरे हाल, बारिश के बाद फिर होगा जल संकट

**कटनी।** कटनी जिले में गंभीर जल संकट बारिश में जैसे तैसे निपट जाएगा लेकिन बारिश बीतते फिर से जल संकट दस्तक देगा। दरअसल बारिश से पहले भी कटनी नदी की सफाई नहीं हो पाई है। इससे कटनी नदी में अधिक जल नहीं रुक सकेगा। यही हाल शहर क ी अन्य नदियों का है। शहर की प्रमुख नदी कटनी प्रदूषित हो गई है। यहां पर स्वच्छता का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कटनी नदी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। जल स्तर की कमी से साथ यहां पर गंदगी है। इसके कारण यहां पर सफाई नहीं हो रही है। शहर की प्रमुख नदी कटनी नदी के बुरे हाल हैं। यहां पर कचरा और काई उतरा रहा है। लेकिन इसके स्वच्छता पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे कटनी नदी अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। लेकिन इस ओर ध्यान ध्यान देने वाला कोई नहीं है। शहर की नदियों व उनका जल स्तर गर्मी बढ़ने के साथ कम होता नजर आ रहा है कटनी नदी व उसकी सहायक नदियों में भी लगातार जल स्तर कम हो रहा है। वही कटनी नदी और उसकी सहायक नदियों में साफ-सफाई नहीं होने से नदियों का जल लगातार दूषित होता जा रहा नदियों में पॉलिथिन, एक्सपायरी डेट की दवाइयां व अन्य कचरा फेंकने से लगातार नदियों का जल दूषित होता जा रहा है। शहर में कटनी नदी व उसकी सहायक नदियों का जल लोग नहाने, कपड़े धोने के लिए उपयोग कर रहे हैं। नदियों में लगातार फेंका जा रहा कचरे व अन्य सामग्री से कटनी नदी व उसकी सहायक नदियों का जल दूषित हो रहा है। कटनी नदी में घाट के साथ ही नदी में काई व कचरे के ढेर हमेशा लगे रहते है नदी का जल लगातार दूषित हो रहा है। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा इस ओर कोई ध्यान नही दिया जाता है। नदी के एक ओर बने स्टाप डेम में कचरे का ढेर पानी को रोके हुए है कई बरसात के दिनों में तो यह कचरा तेज प्रवाह के साथ बह जाता है पर अन्य दिनों यह कचरा जमा होता है रहता है व कई महीनों इसी तरह नदी में पड़ा रहता है। कभी नदी की सफाई नही होने से नदी में कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगे रहते है ।लगातार कटनी व उसकी अन्य सहायक नदियों में फेंके जा रहे कचरे से नदियों का जल लगातार दूषित हो रहा है। कई मवेशी व जिले से सटे हुए जंगली जानवर भी इन नदियों पर निर्भर रहते हैं। रपटा नदी में पानी ही नहीं बचा है पर यह नदी कटनी नदी की सहायक नदियों में से एक है इस नदी में लगातार कचरा व तीज त्याहारों में विसर्जित की गई सामग्री जस की तस नदी में ही पड़ी रहती है। इसके साथ ही लोग कचरा व अन्य सामग्री भी नदी में प्रवाहित कर देते है जिससे लगातार पानी दूषित हो रहा है। खिरहनी ओवर ब्रिज से खिरहनी एंड की ओर रास्ते में पड़ने वाली माई नदी की दुदर्शा है। नदी कई वर्ष पहले घाट तो बना दिया गया पर घाट की साफ सफाई व नदी में कचरे फेंकने पर रोक नहीं लगाई जा सकी जिसके चलते नदी में अलग-अलग हिस्सों में जहां से नदी गुजरती है लोगों द्वारा फेंका जाने वाला कचरा व विसर्जन सामग्री कई सालों से इक्कठी हो रही है व नदी का जल स्तर लगातार कम होता जा रहा है। वही नदी में एक घाट के उपरी हिस्से में एक नाले का पानी जो लगातार नदी में जाता है उसे बंद नहीं किया गया है। इससे नदी का जल लगातार दूषित हो रहा है। जिससे पानी से बीमारी का खतरा बना रहता है। मामले में नगरनिगम के जल प्रदाय से मिली जानकारी के अनुसार हम लगातार अपने स्तर से लोगों में जागरुकता फैलाने का प्रयास करते हैं कि लोग नदियों की सफाई पर ध्यान दें। लोगों में जागरुकता की कमी है।



# व्यापारी प्रकोष्ठ की बैठक में कई निर्णय



**कटनी।** विगत सोमवार को भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ की प्रथम बैठक अध्यक्ष मनोज नोगरहिया के प्रतिष्ठान दीप श्री ट्रेडर्स नदीपार में संपन्न हुई। बैठक में मार्गदर्शक प्रदीप नोगरहिया की अध्यक्षता में सर्वप्रथम भगवान को पुष्प माला पहनाकर की एवं बैठक में सभी पदाधिकारियों का परिचय एवं पुष्प माला से स्वगत किया गया। इसके पश्चात बैठक में व्यापारी हित में आगे की रूपरेखा बनाई गई। इस बैठक का संचालन हमारे सहयोगी सतीश पटेल के द्वारा किया गया बैठक में मनोज नोगरहिया,राजेंद्र जैन, बालमुकुंद गुप्ता, सुरेंद सोनी, शरद सेठिया, नवीन मोटवानी,नितिन बिलैया, एवं हमारे मार्गदर्शक व सहयोगी मुकेश नोगरहिया, संतोष पटेल की गरिमामय उपस्थित थी। इस अवसर पर समस्त सदस्यों ने कई अहम निर्णय लिए साथ ही सरकार की योजनाओं का प्रचार प्रसार के साथी सीमेंट व्यापारियों के समस्याओं पर ध्यानाकर्षण उठाने की बात पर चर्चा हुई।






# योग से कैसे स्वस्थ्य रहें बच्चे, शिविर में दी जानकारी


**कटनी।** बाल सुरक्षा दिवस पर बच्चों की आंखों की सुरक्षा, एकाग्रता एवं स्वास्थ्य हेतु योगाभयास करवाया जा रहा है साथ ही खाने पीने में व दिनचर्या में किन किन बातों को शामिल करना है आदि जानकानरी दी जा रही है ताकि समय का सदुपयोग करते हुऐ बच्चे अपने स्वास्थ्य का ध्यान रख सके। आंखों को सादा पानी से धोना, त्रिफला जल से धोना आंखों की योग क्रियायें करवाई जा रही हैं। योग के दौरान बताया जा रहा है कि वर्तमान में अधिकांस बच्चों की आंखों पर चश्मे लग जाते है। थोड़ी सी तकनीक व दिनचर्या मे योग क्रियाओं को शामिल करने से हम व हमारी आंखे स्वास्थ्य रह सकते हैं। ओम योग केंद्र जयप्रकाश वारड बरसैंया कम्पाउंड मे श्रीमती हीरामणि बरसैंया द्वारा योग क्रियायें करवायी गयी व स्वास्थ्य हेतु टिप्स दिये। इस दौरान टिंवकल, चित्रा, निधीष, ओम,रेशमा डिंपल, सुरभि आदि बच्चों की उपस्थिति रही।

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 6 शो ता. 03 से
सुबह 10 :30 बजे से 1,4,6,7 एवं रात्रि 10 बजे



पृथ्वीराज
कलाकार- अक्षय कुमार, संजय दत्त, मानुषी छिल्लर, सोनू सूद आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402


सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 4 शो ता. 03 से,
सुबह 10 बजे से 3, एवं रात्रि 9 बजे से



विक्रम
कलाकार- कमल हासन, विजय सेतुपति, फदाह फासिल, अर्जुनदास आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

नीरज सिनेप्लेक्स में



ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 27 से
12,3 एवं सायं 6 बजे से
देहाती डिस्को
कलाकार- गणेश आचार्य, रवि किशन, मनोज जोशी, रेमो डिसूजा आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोनः- 230033

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, बुधवार, 01 जून 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper



## बारदाने न होने के कारण कृषकों की बढ़ी परेशानी

**विजयराघवगढ़।** विजयराघवगढ़ क्षेत्र के खरीदी केन्द्रों में गेहूं का उठाव न होने के कारण कृषकों मे हड़कंप मचा हुआ है। बताया जाता है कि नन्हवारा खरीदी केंद्र में विगत सप्ताह से बारदाना न होने के कारण कृषकों का अनाज खरीदी केंद्र में फैला पड़ा होने के कारण अन्नदाता चिंतित है, वही 31 मई अंतिम तिथि होने के कारण शनिवार व रविवार को खरीदी का काम बंद रहने तथा 31 मई अंतिम तिथि होने के कारण किसानों को विशेष चिंता सता रही है। मौसम खराब चल रहा है। नोतपा में अनेको जगह बारिश हो चुकी है, जिसे ध्यान में रखते हुए अनाज भीगने से नुकसान होने का भी भय सता रहा है। अगर अनाज भीग गया तो खरीदी से वंचित भी हो सकते है। खरीदी केंद्र प्रभारी जितेंद्र सोनी ने बताया की इस संबंध मे उच्चधिकारियो को भी अवगत करा दिया गया है। आज शाम तक बारदाना पहुंच जाएगा और सभी किसानो का अनाज सुरक्षत हो जाएगा।

## नशामुक्ति अभियान के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन



**विजयराघवगढ़।** शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत 31 मई को मध्यप्रदेश शासन एवं कलेक्टर के निर्देशानुसार विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में विभिन्न गतिविधियों जैसे स्लोगन, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं समाज में नशा मुक्ति अभियान जागरूकता को लेकर संकल्प लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुषमा श्रीवास्तव एवं समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसानों के भुगतान के लिए जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2022.23 में समर्थन मूल्य पर गेहूं और चना उपार्जन के बाद कृषकों को भुगतान में आ रही तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 99 में बने नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 07622.220071 एवं 07622.220072 है। जिला खाद्य अधिकारी बालेन्द्र शुक्ला ने बताया कि जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष में तकनीकी सलाहकार के तौर पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्र 9179823100 और जिला तकनीकी सहायक श्वेता दुबे 7047547184 की ड्यूटी लगाई गई है। नियंत्रण कक्ष में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विनीता तिवारी 7000368280 तथा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक धनीराम प्रजापति 9407065499 और शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक रिषभ तिवारी 7000028202 एवं शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक एसण्केण्जैन 9589240085 से संपर्क कर किसान अपने भुगतान संबंधी तकनीकी समस्या का निराकरण कर सकते हैं।



## महाराणा प्रताप व महाराजा छत्रसाल की जयंती पर कल निकलेगी शौर्य यात्रा

**कटनी।** विश्व हिंदू सम्राट वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी व महाराजा छत्रसाल जी की जन्म जयंती 2 जून को जिले का छत्रिय समाज शौर्य दिवस के रूप में मनाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर भट्ठा मोहल्ला स्थित छत्रिय सेवा समिति कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री राजपूत करणी सेना, रॉयल राजपूत संगठन, अखिल भरतीय छत्रिय महासभा 1897 व अखिल भरतीय छत्रिय महासभा के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। वार्ता को संबोधित करते हुए करनी सेना अध्यक्ष सूर्यपाल सिंह सोलंकी सोनू, अखिल भारतीय छत्रिय संघ अध्यक्ष विजय पाल सिंह बघेल, छत्रिय सेवा समिति संरक्षक उदय राज सिंह चौहान व लाल शिव संकर सिंह चैहान ने कहा कि शौर्य यात्रा में पूरे जिले के छत्रिय भाई बहन एकत्र होंगे। शौर्य यात्रा राघव रिजेंसी होटल जुहला बाईपास से दोपहर 3 बजे प्रारंभ होगी, जिसका समापन आर्डिनेंस फैक्ट्री राम मंदिर में किया जाएगा। यात्रा दोपहिया व चार पहिया वाहनों में निकाली जाएगी, जिसमें लगभग 3 हजार से अधिक सामाजिक लोग हिस्सा लेंगे। यात्रा की तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। इस दौरान माधवेंद्र सिंह गौतम, संभाग अध्यक्ष रॉयल राजपूत संगठन, श्री दीदी महिला करणी सेना अध्यक्ष, दिग्विजय सिंह, शारद सिंह, करुणा सिंह, रेखा सिंह, भारती सिंह सहित अन्य वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

## पॉलीथीन से हो रही मूक पशुओं की असमय मौत



**विजयराघवगढ़।** राज्य शासन द्वारा विगत की वर्षों से पालीथिन बंद करने का फरमान जारी हो रहा है किन्तु पॉलीथीन के निर्माण व बिक्री में कोई असर नहीं हो रहा। पॉलीथीन पशु खाते है, क्योंकि उसमे सब्जी, फल, बचा हुआ खाद्य पदार्थ रखकर लोगों द्वारा बाहर फेंका जाता है, जिसे खाने के लिए पशु पॉलीथीन सहित खा लेते है, जबकि पॉलीथीन ऐसा जहर है कि पेट के अंदर जाकर आंतो में फंस जाने के कारण मूक पशुओं की असमय मौत हो रही है। यही पॉलीथीन अगर खेतों में चली जाती है तो वहां भी कृषि की उर्वरा शक्ति कम होकर कृषि को भी क्षति पहुंचाती है, जिसकी रोकथाम हेतु प्रशासन द्वारा अनेकों बार निर्देश जारी किए गए, जिसका असर भी अल्प समय तक दुकानों, साप्ताहिक बाजारों मे दिखता है, किन्तु स्थिति ज्यो की त्यों बनी हुई है, जिसकी रोक थाम हेतु प्रशासन से अपेक्षा की गई है।

### पंचायत निर्वाचन को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियां तय

## चुनाव के लिए प्रशिक्षित होंगे कर्मचारी



**कटनी।** पंचायत निर्वाचन को लेकर अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दायित्वों के अनुसार अधिकारीए कर्मचारियों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियां तय करते हुए मास्टर ट्रेनर्स की ड्यूटी लगाई है। निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम के अनुसार 2 जून को 12 बजे से राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान कार्यालय में सभी आरओ व एआरओ स्तर के वीडियोग्राफरों को वीडियोग्राफी का, 7 जून से 9 जून तक मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण सभी विकासखंड के दो-दो प्रशिक्षण केन्द्रों में पीओ एवं मतदान अधिकारी क्रमांक.1 का प्रथम चरण के निर्वाचन का प्रशिक्षण सुबह 11 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित होगा। 13 जून को पुलिस अधिकारियों को जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से शाम 4.30 बजे तक प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जाएगा। 14 जून को जिला पंचायत सभाकक्ष में सुविधा केन्द्र ऑपरेटरों को, 17 जून को प्रथम चरण सामग्री वितरण व जमा करने में लगे अधिकारीए कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार प्रथम चरण के मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण 20 जून से 23 जून तक जिले के 15 प्रशिक्षण केन्द्रों में होगा, जिसमें जनपद पंचायत ढीमरखेड़ाए विजयराघवगढ़ के मतदान दल शामिल रहेंगे। द्वितीय चरण के सामग्री वितरण व जमा करने में तैनात अधिकारीए कर्मचारियों का प्रशिक्षण 23 जून को जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से और 25 जून से 28 जून तक द्वितीय चरण के मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण जिसमें बड़वारा व कटनी जनपद पंचायत के दल शामिल रहेंगेए उनका प्रशिक्षण जिले के 15 प्रशिक्षण केन्द्रों में होगा। तृतीय चरण के निर्वाचन कार्य में लगे सामग्री वितरण व जमा करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों का प्रशिक्षण 3 जून को जिला पंचायत सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से शाम 4.30 बजे तक और तृतीय चरण के मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण 3 जुलाई से 7 जुलाई तक जिले के 15 प्रशिक्षण केन्द्रों में सुबह 11 बजे से शाम 5.30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। तृतीय प्रशिक्षण में जनपद पंचायत बहोरीबंद व रीठी के मतदान दल शामिल रहेंगे।

## अमृत सरोवर के निर्माण में कोताही बर्दाश्त नहीं

### जिला पंचायत सीईओ ने स्थल निरीक्षण के दौरान मैदानी अमले को दिया निर्देश

**कटनी।** जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे ने मंगलवार को कटनी विकासखंड के चकराघाट हीरापुर कौड़िया और पिपरियाए छहरी एवं इमलिया पहुंचकर निर्माणाधीन अमृत सरोवर के कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों के निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सीईओ श्री गोमे ने ग्राम पिपरिया में निर्माणाधीन अमृत सरोवर के स्थल निरीक्षण के दौरान कार्य की धीमी गति और वांछित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने यहां अमृत सरोवर के बंड की ऊंचाई बढ़ाने की हिदायत दी ताकि जल भराव क्षेत्र अधिक हो और अधिक मात्रा में पानी को सहेजा जा सके। श्री गोमे ने चकराघाट हीरापुर कौड़िया में बन रहे अमृत सरोवर के कार्य पर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री पीपी गुरद्वान और राजीव चौदहा मौजूद रहे। सीईओ श्री गोमे ने ग्राम छहरी तथा इमलिया में बन रहे अमृत सरोवर निर्माण कार्य में श्रमिकों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवरों के निर्माण में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।



## अप्रिय घटनाओं को रोकने पंचायत चुनाव की होगी वीडियोग्राफी



**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मतदान दिवस के पूर्व तथा मतदान के दिन एवं मतगणना दिवस को प्रचार.प्रसार के दौरान आचार संहिता से संबंधित प्रावधानों के पालन की निगरानी और अन्य कानून व्यवस्था संबंधी अप्रिय घटना को रोकने के लिए अनिवार्य रूप से वीडियोग्राफी कराई जाए। वीडियोग्राफी नाम निर्देशन.पत्र लिये जाने के दौरान, विशेषकर नाम निर्देशन.पत्र प्राप्त करने के अंतिम दिन, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, नाम वापसी तथा प्रतीक आवंटन के दौरान, अभ्यर्थियों द्वारा किये जाने वाले प्रचार.प्रसार जैसे मंत्रियों, राष्ट्रीय तथा राज्य स्तरीय मान्यता प्राप्त दलों के वरिष्ठ राजनेताओं की सभा के दौरान, प्रचार.प्रसार के अन्तिम दिवस, रैली, जुलूस आदि के दौरान, आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतें प्राप्त होने पर जाँच के दौरान, राजनीतिक सभाओं में व्यवधान उत्पन्न करने वाली घटनाएं, मतदाताओं को धमकाने, डराने संबंधी शिकायतें, मतदाताओं को प्रलोभन संबंधी शिकायतें, जैसे पैसा, साड़ी, धोती, कम्बल इत्यादि का वितरण, ईव्हीएम की तैयारी तथा रेण्डमाइजेशन के दौरान, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों, जैसे महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद पद के अभ्यर्थियों द्वारा प्रचार.प्रसार पर एवं अन्य खर्चों की निगरानी के लिए, मतदान दिवस पर अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर, सामग्री एवं मशीनों का वितरण एवं प्राप्ति के समय, मतगणना के दौरान, परिणाम की घोषणा एवं डीएमएम की सीलिंग के दौरान, स्ट्रांग रूम के खुलने एवं बंद होने के दौरान और अन्य अवसरों तथा घटनाओं की वीडियोग्राफी, जिसे आवश्यक समझा जाएए जरूर कराएं।

## हितग्राहियों को सौंपे बैंक के वितरण पत्र





### नगर निगम ऑडिटोरियम में गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत जिलास्तरीय कार्यक्रम

**कटनी।** गरीब कल्याण सम्मेलन के दौरान देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शिमला से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 11वीं किस्त के रूप में 21 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि किसानों के खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने जनकल्याणकारी योजनाओं के मप्र के चयनित लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद करते हुए उन्हें संबोधित भी किया गया। इसके पूर्व कुशाभाऊ ठाकरे हॉल भोपाल से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी हितग्राहियों को संबोधित किया गया। गरीब कल्याण योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम द्वारा बस स्टैंड स्थित ऑडिटोरियम परिसर में किया गया।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा उपस्थित थे। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्थानीय स्तर पर पीएम स्वनिधि के 12 हितग्राहियों को बैंक का वितरण पत्र सहित विधायक निधि के चैक का वितरण, नगर निगम द्वारा कराए जा रहे लगभग 5 करोड़ की राशि के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद गोमे, निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित थे।

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन :- 230033

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच 3000 प्रतिव्यक्ति, 22 बाई 50 का हॉल सर्विस वालों एवं ऑफिस, बैंक, कार्यालय गोदाम के लिए
पता-बीजेपी कार्यालय के सामने, जबलपुर रोड बरगवां, कटनी (म.प्र.) मो. 8109417340

एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
प्रवेश प्रारंभ Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902 प्रवेश प्रारंभ
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC



छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

From 27th May 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL
Tuesday Offer 99/99/200
Paytm
book my show




TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

# बहोरीबंद में भगवान शांतिनाथ का हुआ महा मस्तिकाभिषेक



**कटनी।** गत दिवस बहोरीबंद श्री 1008 शांतिनाथ दि.जैन चमत्कारोंदय तीर्थ क्षेत्र में भगवान शांतिनाथ जी का महामस्तकाभिषेक निर्वाण लाडू चढ़ाने का परम सौभाग्य स.सि.उत्तमचंद जैन अनुराग जैन, अनुज जैन, सेठ सुभाषचंद शुभम जैन, सिं.प्रेमचंद जैन प्रेमी परिवार, महेन्द्र कुमार, अभिषेक जैन, मिठ्ठूलाल जैन,शरद जैन, मंजू जैन, गौरव जैन, राजकुमारी, दिनेश जैन, चद्रप्रभा सुभाष जैन एडवोकेट आलोक जैन, अजय अहिंसा, कुसुम जैन परिवार को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर बहोरीबंद बाकल, कटनी, जबलपुर, बचैया, मझौली, सिहोरा, खितौला, स्लीमनाबाद से पधारे धर्मानुरागी बन्धुंओं द्वारा समारोह में भाग लेकर पुण्य लाभ लिया अतिशय क्षेत्र चमत्कारोंदय तीर्थ क्षेत्र में बनने वाले विशाल मंदिर का कार्य तेजी से चल रहा है।




# ताइक्कांडो चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर किया प्रतिभा का प्रदर्शन

**कटनी।** सेंट सोल्जर स्कूल, सेक्टर-16, पंचकूला के भाविक जिंदल ने चंडीगढ़ ताइक्कांडो एसोसिएशन और ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया से संबद्ध हनू ताइक्कांडो अकादमी द्वारा आयोजित 5वीं हनु ताइक्कांडो चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। चैंपियनशिप 28 और 29 मई को महाजन भवन, सेक्टर-37 चंडीगढ़ में आयोजित की गई थी। टूर्नामेंट में ट्राई सिटी के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने चार साल की अवधि में कुल 30 पदक जीते हैं जो खेल के प्रति उनके दृढ़ संकल्प और समर्पण को दर्शाता है। भाविक 8 साल का है और तीसरी कक्षा में पढ़ता है। वह रोजाना 1.5 घंटे ताइक्कांडो की प्रैक्टिस कर रहे हैं। वह ओनीक्स ताइक्कांडो अकादमी, बलटाना और पंचकूला के सतिंदर सिंह से ताइक्कांडो कौशल सीख रहे हैं।

# सायना के प्रखर ने ईएलओ चैम्पियनशिप में लहराया परचम

## उड़ीसा में प्रतियोगिता



**कटनी।** सायना इंटरनेशनल स्कूल कटनी के छात्र प्रखर बजाज ने उडीसा में आयोजित जी एम इंटरनेशनल शतरंज प्रतियोगिता में खेलते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर देश, प्रदेश व नगर का नाम रोशन किया। उड़ीसा में सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता में कई देशों के 800 से अधिक खिलाड़ियों के बीच सायना इंटरनेशनल स्कूल के प्रखर बजाज ने कैटेगरी में ईएलओ 1700 में भारत में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि प्रखर अलग-अलग वर्गो में मध्यप्रदेश में विजेता रह चुके है और कई बार राष्ट्रीय स्पर्धाओं से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धा में पदक हासिल कर चुके हैं। सायना के प्राचार्य डॉ. आदित्य कुमार शर्मा ने प्रखर को बधाई देते हुए कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के अतिरिक्त अन्य बौद्धिक गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। शतरंज का खेल तो बच्चों के बौद्धिक स्तर को बढ़ाता ही है साथ ही साथ उसकी स्मरण शक्ति भी बढ़ती है। प्रखर की इस उपलब्धि पर सायना की चेयरपर्सन डॉ. निधि पाठक ने दूरभाष पर भेजे अपने संदेश में कहा कि शतरंज के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं और प्रखर ने ने अपने प्रदर्शन से जो आयाम स्थापित किया है वह हमें गौरवान्वित करता है। सायना एज्यूकेशन सोसायटी की सचिव पूर्व महापौर श्रीमती निर्मला सत्येंद्र पाठक, संजय सत्येंद्र पाठक पूर्व राज्यमंत्री मप्र. शासन सहित अभिभावकों एवं शिक्षकों ने भी बधाइयां प्रेषित की हैं।

# फिर पटरी पर दौड़ी स्ट्रीट वेंडर छोटेलाल की जिंदगी

## पीएम स्वनिधि योजना ने बदल दी तकदीर



**कटनी।** राजीव गांधी वार्ड शास्त्री कॉलोनी निवासी छोटेलाल मिश्रा चाट-फुल्की का व्यवसाय करते है। छोटेलाल बताते है कि कोरोना काल के दौरान उनका व्यवसाय पूरी तरह से बंद हो गया था। परिवार पर आर्थिक संकट आने के कारण भरण पोषण चिंता सता रही थी। तभी उन्हे नगर निगम के माध्यम से शासन द्वारा संचालित पीएम स्वानिधि स्ट्रीट वेंडर्स योजना के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई। नगर निगम कार्यालय से संपर्क करने पर संबधित विभाग से योजना के संबंध मे जानकारी लेते हुए आवश्यक दस्तावेजों की पूर्ति कर इनके द्वारा योजना का फार्म भरा गया। देखते ही देखते योजना के तहत इनहे बिना किसी गारंटी के प्रथम बार में 10 हजार की राशि भी स्वीकृत हो गई। ऐसी विपरीत परिस्थिति में उनके जीवन मे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना आशा की किरण बनी। श्री मिश्रा ने योजना अंतर्गत 10 हजार रूपये की मदद से अपना व्यवसाय पुनः शुरू किया। पहली किश्त को समय से चुकाने के बाद उन्होंने दूसरी किश्त के लिए आवेदन किया है ताकि वे अपने व्यवसाय को आगे बढा सके। श्री मिश्रा ने पथ विक्रेताओं को आत्मनिर्भर बनाने का अवसर प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

### गौरा बाई के जीवन में भी आई खुशहाली

इंदिरा नगर निवासी गौराबाई की जिंदगी में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना ने खुशियों से रंग भर दिये। ठेले में सब्जी का व्यवसाय करने वाली गौरा बाई का व्यवसाय कोरोना काल के दौरान बंद हो गया था। बची खुची पूंजी भी परिवार के भरण पोषण मे खर्च हो गई। दोबारा व्यवसाय शुरू करने के लिए उनके पास कुछ भी नहीं था। ऐसी स्थिति में श्रीमती गौरा बाई को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के संबंध मे जानकारी प्राप्त होने पर नगर निगम की संबंधित योजना शाखा से संपर्क कर योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन दिया गया। बिना किसी परेशानी के फिर से व्यवसाय शुरू करने दस हजार रूपये व्याज मुक्त ऋण प्राप्त हुआ। जिससे वे पुनः अपना व्यवसाय स्थापित कर अपना एव परिवार का जीवन यापन कर रही है। मेहनत एवं लगन से व्यवसाय करने के कारण सफलता इनके कदम चूमी और समय पर ऋण की किस्त चुकता किये जाने पर अब 20 हजार रूपये के लिए इन्होंने आवेदन किया है। श्रीमती गौरा बाई ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई यह योजना लाकडाउन की वजह से मुसीबत झेल रहे उस जैसे फुटपाथ पर और फेरी लगाकर छोटामोटा व्यवसाय करने वालों के लिए बडी मददगार साबित हुई। श्रीमती गौराबाई ने मान.प्रधानमंत्री जी एवं मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद प्रेषित किया है।



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया नशा त्यागने का संदेश

# तम्बाखू निषेध दिवस पर कैडेट्स ने निकाली रैली







**कटनी।** विश्व तम्बाखू निषध दिवस पर 31 मई को शासकीय तिलक महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों ने रैली निकाली। कम्पनी कमाण्डर विवेक कंडारी के निर्देशानुसार शासकीय तिलक महाविद्यालय के एनसीसी कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं ने विश्व तम्बाखू दिवस पर आयोध्या बस्ती में रैली एवं नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। डॉ. एस.के.खरे प्राचार्य शासकीय तिलक महाविद्यालय ने रैली को रवाना किया एवं विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि युवा पीढ़ी बहुत जल्दी नशे की गिरफ्त में आ रही है। उनमें समझने की शक्ति कम होती है इसलिए इन्हें नशे से बचना चाहिए नशा चाहे किसी भी प्रकार का हो, वह जानलेवा होता है हमें नशा नहीं करना चाहिए। तम्बाखू एक धीमा जहर है इसलिए जिन्दगी को कहो हाँ, तम्बाखू को न इस रैली में शासकीय तिलक महाविद्यालय से समस्त स्टॉफ एवं एनसीसी से हवलदार जैमल सिंह की उपस्थिति रही।

# किसानों की मांगें नही मानी तो होगा आंदोलन

## सलैया कोहारी में आयोजित किसान संघ की बैठक



**कटनी।** भारतीय किसान संघ तहसील विजयराघवगढ़ शाखा की बैठक गत दिवस कोहारी सलैया में आयोजित की गई। संघ के जिलाध्यक्ष बिहारीलाल निगम की अध्यक्षता एवं जिला संयोजिका मनोरमा सिंह तथा तहसील अध्यक्ष अंजनी निगम की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में लक्ष्मी पटेल को ग्राम अध्यक्ष एवं कमला प्रसाद निगम को ग्राम मंत्री का दायित्व सर्व सम्मति से दिया गया। बैठक में स्थानीय समस्याओं पर विचार विमर्श के बाद प्रमुख मांगें जिला प्रशासन के समक्ष रखने एवं समय पर उचित निराकरण नहीं किये जाने पर आंदोलन का निर्णय भी लिया गया। बैठक में चर्चा के दौरान यह बात सामने आई कि सलैया ग्राम की सोसायटी टीकर में संचालित की जा रही है। जिससे सलैया में रहने वाले किसानों को सोसायटी से काम के लिए टीकर के चक्कर लगाने पड़ते हैं। सोसायटी का संचालन सलैया से ही कराये जाने की मांग उठाई गई। इसके अलावा पटवारी एवं ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी द्वारा अपने कर्तव्य पालन में लापरवाही बरतने एवं ग्राम में कभी उपलब्ध नहीं होने की समस्या ही सामने आई। किसानों ने बताया कि पटवारी और कृषि विकास अधिकारी से मिलना हो तो ग्रामीणों को जिला मुख्यालय कटनी जाना पड़ता है। एक ओर केंद्र और राज्य सरकारें कृषि में नए-नए प्रयोग कर किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करते हैं वहीं दूसरी ओर शासन के कर्मचारी किसानों की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देते। बैठक में अजय पटेल, बालेन्द्र पटेल, पोटल कोल, कोदू बर्मन, झल्लू पटेल, शैलेन्द्र पटेल, रामरतन दाहिया, राममिलन पटेल, कृन्दन बर्मन आदि की उपस्थिति रही।

# दस दिवसीय नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**कटनी।** ग्राम भारती के तत्वाधान में संचालित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग के समापन का कार्यक्रम अवसर में मुख्यअतिथि अशोक सोनी, अध्यक्ष राजेन्द्र खण्डेवाल, विशिष्ट अतिथि रवि नायक की मौजूदगी में दीपप्रज्जवलन एवं मां सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुआ। अतिथि परिचय एवं स्वागत के उपरांत जिला समन्वयक ओंकार मिश्र द्वारा वर्ग का वृत्त प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट अतिथि रवि नायक पूर्व न्यायाधीश, विधि सलाहकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन में समय के महत्व को बताते हुए समय नियोजन का संदेश दिया। प्राचार्य कमलेश तिवारी ने प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। जिला सचिव सुरेन्द्र पाण्डेय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं विद्यालय में शिक्षण व्यवस्था से जुड़े तथ्यों की जानकारी दी।

### लता खरे ने किया आचार्यो का मार्गदर्शन

मुख्यअतिथि अशोक सोनी ने प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने जीवन में उतारें एवं कार्यक्षेत्र में परिणित कर समाज, ग्राम एवं राष्ट्र के निर्माण में सहभागी बने। अध्यक्ष राजेन्द्र खण्डेवाल ने सभी आचार्यों के आशीर्वचन प्रदान किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रशिक्षण वर्ग में जबलपुर एवं कटनी जिले से कुल 31 प्रशिक्षार्थी सम्मिलित रहे। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें काजल गुप्ता सरस्वती शि.मं. भैंसवाही ने प्रथम स्थान आस्था ताम्रकार सरस्वती शि.मं. मझगवां जिला जबलपुर ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। ग्राम भारती कटनी ने की ओर से नगद राशि का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कोषाध्यक्ष ग्राम भारती द्वारा भी दोनों प्रथम एवं द्वितीय स्थान करने वाले दीदियों को 500-500 रुपए की राशि प्रदान की गई। मनीष कुमार गुप्ता,जिला समन्वयक जबलपुर, तहसील समन्वयक दिलीप चतुर्वेदी एवं प्रदीप चौबे, अजय कुमार गर्ग की उपस्थिति रही। मंच का संचालन एवं आभार प्रदर्शन तहसील समन्वयक नरेन्द्र गौतम द्वारा किया गया।

# यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी घोषित




पंचम जैन अध्यक्ष, गोपाल शर्मा चैयरमेन बने

**कटनी।** यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया जिला इकाई कटनी के त्रै-वार्षिक चुनाव 2022-2025 पूर्व अध्यक्ष संगमलाल जायसवाल, डॉ. हेमलता गर्ग के आतिथ्य एवं मध्यप्रदेश राज्य शाखा के पर्यवेक्षक राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विनोद जायसवाल की उपस्थिति में साआनंद संपन्न हुए।

इकाई की वार्षिक आमसभा में चुनाव अधिकारी वीरेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित सदस्यों को 60 दिवसीय चुनाव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अध्यक्ष पद हेतु पंचम जैन, उपाध्यक्ष पद हेतु श्रीराम कुदरहा एवं अमित सिंघई, चैयरमेन पद हेतु गोपाल शर्मा एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु रानू जैन के निर्विरोध निर्वाचन की घोषणा की जिसका उपस्थित सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत किया। पदभार ग्रहण पश्चात् चैयरमेन गोपाल शर्मा द्वारा माननीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्यों से परामर्श कर अपनी कार्यकारिणी घोषित की जिसमें सचिव वीरेन्द्र सिंह, सहसचि डॉ. आर. पी. पाण्डे, सुशील कुशवाहा, अंकित जैन, प्रचार सचिव सचिन सिंघई, संगठन मंत्री शैलेन्द्र जैन, कार्यकारिणी सदस्य राजेश वर्मा, श्रीप्रकाश जायसवाल, राजेन्द्र बहरे, संजय गुप्ता, सतीश बजाज, अनिल कुमार नेमा, कमलराज अग्रवाल, संजय खण्डेलवाल, संजय शर्मा, रत्नेश श्रीवास्तव एवं मुकेश अग्रवाल, पर्यावरण समिति अध्यक्ष नरेन्द्र चौरसिया, साहसिक अभियान समिति अध्यक्ष नवीन मिश्रल, सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा एवं समिति सदस्यों के नाम की घोषणा की।

उपस्थित सभी पदाधिकारियों को राज्य पर्यवेक्षक विनोद जायसवाल द्वारा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात् नव निर्वाचित अध्यक्ष पंचम जैन एवं चैयरमेन गोपाल शर्मा ने अपने उद्बोधन में चुनाव प्रक्रिया निर्विरोध संपन्न होने पर सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया एवं विश्वास व्यक्त किया कि इकाई के सिल्वर जुबली वर्ष 2022 में संस्था और भी ऊंचाई की ओर अग्रसर होगी। पर्यवेक्षक विनोद जायसवाल, पूर्व अध्यक्ष संगमलाल जायसवाल एवं डॉ. हेमलता गर्ग ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए अच्छा कार्य करने वाली संस्थाओं के साथ-साथ उसको चलाने के लिए अच्छे पदाधिकारियों का होना भी जरूरी है। इसमें यूथ हॉस्टल्स सबसे आगे है। उन्होंने यूथ हॉस्टल्स के सभी सदस्यों को दोनों कार्य एक साथ करने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर इकाई उपाध्यक्ष श्रीराम कुदरहा, राजेन्द्र बहरे एवं अमित सिंघई, डॉ. आर. पी. पाण्डे, श्रीप्रकाश जायसवाल, सीमा नाहर, मीना शर्मा, शशि यादव, सतीश बजाज, आदित्य कटारे, रविन्द्र कुदरहा, निखिल शर्मा, अनिल नेमा, रानू जैन, शैलेन्द्र जैन ने संस्था को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिये। कार्यक्रम का संचालन इकाई सचिव वीरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया एवं अमित सिंघई द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर राज्य पर्यवेक्षक को इकाई द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया एवं नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को राज्य अध्यक्ष अशोक गोलाने राज्य चैयरमेन मनोज जौहरी, श्रीपाद कुन्डले, विनोद निगम, राम नारायण मिश्रा एवं के. एल. कनकने ने बधाई दी है।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ

यश भारत

कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1

आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें

बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

### बिजली बंद होने से लोग परेशान

शहर में लगातार बिजली बंद होने व फाल्ट होने से लोग परेशान हो रहे हैं। मंगलवार को डन मार्केट, बरगवां में घंटों बिजली बंद रही। शांतिनगर में सोमवार रात 9 बजे से बिजली बंद थी। एनकेजे में भी बिजली बंद रही। शिकायत के बाद भी समय पर सुधार नहीं हुआ। वहीं कई जगह लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है।

# दो कारों से 36 लाख का गांजा बरामद, 5 आरोपी गिरफ्तार

## नेशनल हाईवे 78 पर वाहन चैकिंग के दौरान बड़वारा पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**कटनी।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 78 पर वाहन चैकिंग के दौरान बड़वारा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस दौरान दो अलग-अलग कार से 180 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए गांजा की कीमत करीब 36 लाख रूपए आंकी गई है। आरोपी युवक कार से गांजा की डिलीवरी देने जा रहे थे। गांजा की तस्करी करते हुए पकड़े गए आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए उनसे पूछताछ की जा रही है। पूछताछ में गांजा की तस्करी के बारे में कई महत्वपूर्ण सुराग पुलिस को मिले हैं, जिससे आने वाले दिनों में बड़वारा पुलिस इस पूरे नेटवर्क से पर्दा उठाएगी।




जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन के निर्देश पर इस समय जिले की पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह संचालित किया जा रहा है। इस दौरान वाहन चैकिंग कर चालकों को यातायात नियमों के प्रति न केवल जागरूक किया जा रहा है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में एएसपी मनोज केड़िया एवं डीएसपी शालिनी परस्ते के मार्गदर्शन में 31 मई को एनएच 78 पर लखाखेरा बायपास के पास बड़वारा पुलिस द्वारा वाहन चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान विलायतकला की ओर से एक आर्टिका कार क्रमांक यूपी 95 एस 2762 का चालक मोबाईल फोन पर बात करते हुये आया, जिसे रोककर उससे पूछताछ की गई। उसने अपना नाम रोहित द्विवेदी निवासी ग्राम लोसी थाना प्रकाश बम्होरी जिला छतरपुर एवं पीछे वाली सीट में बैठे व्यक्ति ने अपना नाम सियाराम पटेल निवासी ग्राम सैला थाना महाराजगंज जिला छतरपुर तथा दूसरे ने अपना नाम सोनू यादव निवासी ग्राम पुरा थाना लवकुशनगर जिला छतरपुर बताया। युवकों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुई।

### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अंकित मिश्रा, उपनिरीक्षक के के सिंह, सहायक उपनिरीक्षक राजेश बागरी, प्रधान आरक्षक लालजी यादव, रघुबीर सिंह, नितिन जायसवाल, आरक्षक अभय यादव, हरिओम सिंह, संतोष यादव, नंदकिशोर पटेल की विशेष भूमिका रही। सायबर सैल से सायबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक उदयभान मिश्रा, आरक्षक सत्येन्द्र सिंह राजपूत, प्रशांत विश्वकर्मा का योगदान रहा।

### ये हुए गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि गांजा की तस्करी करते हुए रोहित व्दिवेदी उम्र 21 साल निवासी ग्राम लोसी थाना प्रकाश बम्होरी जिला छतरपुर, सियाराम पटेल उम्र 23 साल निवासी ग्राम सैला थाना महाराजगंज जिला छतरपुर, सोनू यादव उम्र 25 साल निवासी ग्राम पुरा थाना लवकुशनगर जिला छतरपुर, संजय नागर पिता लालाराम नागर उम्र 38 साल निवासी सिंचाई कालोनी थाना कोतवाली जिला छतरपुर, हरि पटेल पिता नंदीलाल पटेल उम्र 21 साल निवासी रामनगर थाना कोतवाली जिला छतरपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इस कार्यवाही में 180 किलोग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत करीब 36 लाख रूपए आंकी गई है।

### दो कारों से हो रही थी गांजा की डिलीवरी

पुलिस ने बताया कि आर्टिका कार के पीछे एक सफेद रंग की इनोवा कार आई, जिसका नंबर एमपी 16 बीपी 1158 था। पुलिस को देखते ही ड्रायवर और कार में बैठा व्यक्ति पुलिस को देखकर गाड़ी छोडकर भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हें पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा। पूछताछ में ड्रायवर ने अपना नाम संजय नागर निवासी सिंचाई कालोनी थाना कोतवाली जिला छतरपुर तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम हरि पटेल निवासी रामनगर थाना कोतवाली जिला छतरपुर बताया। पुलिस ने बताया कि दोनों कारों की तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ। अर्टिका कार की डिग्गी के अन्दर खाकी रंग के सेलोटेप में लिपटे हुए 70 पैकिट गांजा मिला। प्रत्येक पैकिट का वजन 1 किलाग्राम था। इसी तरह इनोवा कार की डिग्गी में खाकी रंग के सेलोटेप में लिपटे हुए 110 पैकिट गांजा प्रत्येक पैकेट 1 किलोग्राम कुल गांजा 110 किग्रा होना पाया गया। मौके पर विधिवत कार्यवाही कर गांजा एवं कार को जब्त कर लिया गया एवं सभी आरोपियों पर धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया।

# कुर्सी पर काबिज होगीं महिलाएं

निकाय चुनाव

## नगर निगम कटनी, कैमोर एवं विजयराघवगढ़ में महिलाओं के हाथ होगी कमान

**कटनी।** महिलाओं को 50 फीसद आरक्षण की अवधारणा पूरी करते हुए नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा भोपाल में कल नगर परिषद एवं नगरपालिकाओं की सम्पन्न कराई गई आरक्षण प्रक्रिया के बाद कटनी जिले में जो तस्वीर उभरकर सामने आई है उसके मुताबिक जिले की कैमोर तथा विजयराघवगढ़ नगर परिषदों की कमान एक बार फिर महिलाओं के हाथ होगी। गौरतलब है कि कटनी नगर निगम के महापौर पद का आरक्षण भी अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित हुआ है। इस तरह कटनी,कैमोर तथा विजयराघवगढ़ में महिलाओं को वर्चस्व होगा। जानकारी के मुताबिक भोपाल में कल हुए आरक्षण में बरही नगर परिषद अनारक्षित घोषित हुआ है, लिहाजा यहां अध्यक्ष पद पर घमासान की स्थिति निर्मित होगी। कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार जोर-आजमाइश कर सकते हैं। इसके पहले पंचायत चुनाव को लेकर किए गए आरक्षण में भी जिले की जनपदों और जिला पंचायत सदस्य के आरक्षण में महिलाओं के लिए 50 फीसदी पद आरक्षित किए गए हैं। आरक्षण के साथ ही चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। दोनों चुनाव की प्रशासनिक तैयारियां कमोवेश एक साथ चल रही हैं। पंचायत चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम-निर्देशन पत्र जमा करने का सिलसिला शुरू हो चुका है, जबकि नगर निगम चुनाव की तारीखों के ऐलान का इंतजार किया जा रहा है। आज सुबह से ऐसी खबर थी कि राज्य निर्वाचन आयोग नगरीय निकाय चुनाव की तारीखों का ऐलान कर सकता है। इसके लिए दोपहर बाद निर्वाचन आयोग की पत्रकारवार्ता आयोजित किए जाने की सुगबुगाहट थी। वैसे नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह के बयान को देखा जाए तो नगरीय निकाय चुनाव पंचायत चुनाव के फौरन बाद अगस्त में कराए जा सकते हैं। इंतजार अब तारीखों का है।

### आज हो सकता है निकाय चुनाव का ऐलान, राजनीतिक दलों के साथ उम्मीदवारों की लगी निगाहें

# 1425 किलो महुआ लाहन व 11 लीटर मदिरा जब्त

### बहोरीबंद के कई गांवों में आबकारी विभाग की दबिश



**कटनी।** बहोरीबंद विकासखंड के कई ग्रामों से 1425 किलोग्राम महुआ लाहन, 11 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई। जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल ने बताया कि आबकारी वृत्त बहोरीबंद द्वारा करहिया, कैमोरीहार, रैपुराहार, घुघरा में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी पी केवट के नेतृत्व में कुल जप्ती 1425 किलोग्राम महुआ लाहन, 11 लीटर हाथ भट्टी मदिरा कुल 5 न्यायालयीन प्रकरण मप्र आबकारी अधिनियम के तहत पंजीबद्ध किये गये। मौके पर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर नष्ट किया गया। जप्त किये गये लाहन तथा मदिरा की अनुमानित राशि लगभग 75 हजार 750 रूपये बताई गई है। इस कार्यवाही के दौरान आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, महेन्द्र कुमार शुक्ला, मोना दुबे, केशव प्रसाद उइके, के के पटेल, एस डी सिंह आबकारी आरक्षक कैलाशनाथ नामदेव, चन्द्रप्रकाश त्रिपाठी, रामसिंहए धरमू काछी, शिवमूरत नामदेव, वीणा ब्रम्हवंशी उपस्थित रहे।

# अदेयता प्रमाण पत्र प्रदान करने वितरण केन्द्र प्रभारी अधिकृत

**कटनी।** पंचायत निर्वाचन का कार्य में विद्युत वितरण केन्द्रों द्वारा उम्मीदवारों को अदेयता प्रमाण पत्र दिया जाना है। कलेक्टर के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने वितरण केन्द्र प्रभारियों को अधिकृत करते हुए उम्मीदवारों के आवेदन पर रिकॉर्ड का अवलोकन करते हुए अदेयता प्रमाण पत्र तत्काल जारी करने के निर्देश दिए हैं। जिसमे में वितरण केन्द्र खलवारा में स्वामी प्रसाद यादव, सिलौड़ी में इंद्रभान प्रजापति, बरही में सतीश कुमार, बाकल में वीरेन्द्र उइके, तेवरी में सुबोध सिंह, अमाड़ी कुमारेश मिस्त्री, निवार में श्रीकांत सिद्धे, बड़वारा में दिलदार डाबर, देवगांव में शेख अकील, स्लीमनाबाद में सुबोध सिंह, ढीमरखेड़ा में प्रकाश सिंह, उमरियापान में ईशान चंद्र, बहोरीबंद के लिए प्रवीण पटेल, रीठी के लिए विमलचंद्र मिश्रा, बचैया के लिए सुशांत सोनल, इटौली के लिए खुर्शीद अहमद अंसारी को अधिकृत किया गया है।

# पंचायत चुनाव : दूसरे दिन 5 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नाम निर्देशन पत्र

**कटनी।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायत आम निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया जिले में प्रारंभ कर दी गई है। जिला पंचायत, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच व पंच के पदों के लिए तीनों चरणों के नाम निर्देशन की प्रक्रिया जिला, विकासखंड व कलस्टर स्तर पर जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए कलेक्टर न्यायालय कक्ष में और जनपद पंचायत स्तर पर जनपद सदस्यों के नामांकन की प्रक्रिया रिटर्निंग अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की उपस्थिति में दूसरे दिन भी निर्धारित समय तक जारी रही। उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते ने बताया कि 31 मई को जिले में 5 अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। जिसमें से जनपद पंचायत कटनी में सरपंच पद के लिए एक और पंच पद के लिए एक अभ्यर्थी ने नामांकन दाखिल किया। बहोरीबंद जनपद में भी सरपंच व पंच पद के लिए एक.एक नामांकन उम्मीदवारों ने जमा कराया। वहीं बड़वारा जनपद पंचायत क्षेत्र में भी सरपंच पद के लिए एक नामांकन महिला उम्मीदवार द्वारा दाखिल किया गया। जिले में जिला पंचायत सदस्य व जनपद पंचायत सदस्य पद के लिए कोई भी नाम निर्देशन अभ्यर्थियों ने जमा नहीं कराया।

# सागर पुलिया के नीचे सड़क निर्माण के चलते 2 जून तक डायवर्ट रहेगा मार्ग

**कटनी।** सागर पुलिया के नीचे सड़क निर्माण कार्य के चलते शहर के यातायात का रूट डायवर्ट किया गया था। सड़क निर्माण कार्य के लिए 20 मई से 31 मई तक का समय प्रदान किया गया था। अपर कलेक्टर रोमानुस टोप्पो ने बताया कि कार्य में अतिरिक्त समय लगने के कारण यातायात व्यवस्था के लिए सड़क निर्माण के लिए 2 जून तक का समय बढ़ाया गया है। इस दौरान पूर्व की तरह यातायात डायवर्ट रहेगा।

### दोपहिया वाहन शूकर से टकराया, चालक घायल

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम तिहारी व कौड़िया के बीच मंगलवार की रात करीब 8.30 बजे दोपहिया वाहन चालक शूकर से टकरा गया। इस दुर्घटना में वाहन चालक स्लीमनाबाद निवासी नेता भाईजान घायल हो गया। मार्ग में चीख पुकार की आवाज सुनकर राहगीर रुके और घटना की जानकारी स्लीमनाबाद पुलिस को दी। स्लीमनाबाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को उपचार के लिए एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया व सड़क दुर्घटना में शूकर मरने की सूचना वन विभाग को दी।

### विद्युत उपभोक्ताओं को एसएमएस से मिलेंगे बिल

**कटनी।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा इस माह से पेपरलैस बिलिंग की शुरूआत की जा रही है। एसई संजय अरोड़ा ने बताया कि कटनी शहर के विद्युत उपभोक्ताओं को इस माह से बिजली बिल की हॉर्ड कॉपी प्रदान न करते हुए एसएमएस के जरिए से बिल संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी।

# अज्ञात कारणों से दो की मौत

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात कारणों से एक की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम जोबी कला थाना विजयराघवगढ़ निवासी 65 वर्षीय इतवरिया बाई कोल पति अभान कोल निवासी की अज्ञात कारण से मौत हो गई है, वहीं मतवार पडरिया थाना कुठला निवासी 50 वर्षीय फूलचन्द्र आदिवासी पिता डुम्मा आदिवासी की मौत हो गई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराते हुए मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मरीज की सुरक्षा प्रथम प्राथमिकता
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
32-96 स्लाइस की अति आधुनिक 2021 मॉडल की मशीन परंपरागत सी टी मशीन की तुलना में रेडियेशन के दुष्प्रभाव से बेहतर सुरक्षा प्रदान करती है
क्योकि इसमें है विश्वस्तरीय टिन टेक्नालॉजी एवं आर्टिफिशियल इन्टेलीजेन्स
समय के साथ विश्व स्तर पर विकसित
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087,8319994375, 9755675583 फोन 07622-494511


KINETIC GREEN
कटनी का एकमात्र विश्वसनीय इलेक्ट्रिक व्हीकल शोरूम
पेट्रोल की लाईन से छुटकारा पैसे और समय की बचत सालाना इंश्योरेंस से मुक्ति तिमाही इंजन ऑयल एवं अन्य खर्चों से बचत पी.यू.सी. की जरूरत नहीं ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में बचाव कीमत भी बजट भी
सोचो स्मार्ट, खरीदो सफर स्मार्ट
लिथियम- इऑन बैट्री 02 घंटे में पूर्णतः चार्ज
चढ़ाई के लिए जादुई गियर सवारी एवं ड्राइवर हेतु आरामदायक बैठक
90 कि.मी. प्रतिचार्ज
03 साल की वारंटी के साथ
04 घंटे में पूर्णतः चार्ज
500 किलो लोडिंग कैपेसिटी
अधिकृत विक्रेता
कार्तिक मोटर्स
सफर करने की अपनी स्वतंत्रता
संस्कार भारती स्कूल के पास के जालपा मंदिर रोड, कटनी फोन 07622-356550, मो. 9993299677, 9893435177

PRE. REGISTRATION
सांईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

## छब्बीसवीं पुण्यतिथि



01.06.2022

**स्व. श्री शशिकान्त पाठक**

निर्वाण दिवस- 01 जून 1996

आज ही के दिन आपकी पावन आत्मा अपने भरे पूरे परिवार को छोड़कर ब्रम्हलीन हो गई थी, आपकी यादें कभी भुलाई नहीं जा सकती।

आपकी याद में
पाठक आईस्क्रीम पार्लर, कटनी
मो. 9300347507

रत्ना गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
गार्डन मात्र 51000/-

HOUSE OF CANDY
200 STORES & COUNTING
NOW IN - CITY MALL,GROUND FLOOR, KATNI M.P. 8319868747, 9993205700

JOHNSON
Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाइट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

PRE. REGISTRATION सांईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठयक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/22-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)